एक नजर में

## श्री श्रीगौड़ सहकारी साख समिति मर्यादित धार की वार्षिक साधारण सभा संपन्न




**धार.** श्री श्रीगौड़ सहकारी साख समिति मर्यादित धार की 26 वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 14 सितम्बर 2025 रविवार को अनिल प्लाजा में सहकारी समिति के अध्यक्ष राजेश शुक्ल की अध्यक्षता तथा समिति के संस्थापक अध्यक्ष घनश्याम जी जोशी के मुख्य आतिथ्य में अत्यंत प्रसन्नता के साथ सौहार्द पूर्ण भावों के साथ सम्पन्न हुई। वार्षिक साधारण सभा में संचालक मण्डल के दस सम्माननीय सदस्यों के साथ समिति के अन्य सदस्य महानुभाव एवं मातृशक्ति सदस्या महोदया सम्मिलित रहे। सर्व प्रथम समिति के अध्यक्ष श्री शुक्ल ने वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया। तत्पश्चात समिति के प्रमुख प्रबन्धक प्रदीप पाठक ने समिति के आय व्यय और लाभ हानि का ब्योरा प्रस्तुत करते हुए सत्र 2026- 27 के अनुमानित बजट का उल्लेख किया?। साधारण सभा में पधारे सदस्य महानुभावों के द्वारा अध्यक्ष से जो प्रश्न पूछे गए उनका यथोचित समाधान किया गया। इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री जोशी ने सहकारी समिति के गठन का आदि से आज तक का सम्पूर्ण विवरण एवं प्रारम्भिक संघर्ष का उल्लेख अपने आशीर्वचन में किया। आभार प्रदर्शन समिति के उपाध्यक्ष सुरेश व्यास ने किया। कार्यक्रम का सफल संचालन समिति के संचालक मण्डल के सदस्य शरद जोशी ﬐शलभ﬐ ने किया। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में समिति के सह प्रबन्धक निर्मल मुरमकर के द्वारा संयोजित उत्तम स्वलपाहार के साथ सभा का समापन हुआ।

## श्री छत्रपति शिवाजी साख सहकारी संस्था की वार्षिक साधारण सभा संपन्न

**धार.** श्री छत्रपति षिवाजी साख सहकारिता मर्यादित धार की वार्षिक साधारण सभा की बैठक दिनांक 14.09.2025 को क्षत्रिय मराठा समाज भवन कार्यालय में आयोजित की गई जिसमें अध्यक्ष एवं संचालक मंडल तथा सदस्य सम्मिलित हुए, जिसमे पेढी के अध्यक्ष श्री सुनील कोकाटे एवं सदस्यो द्वारा श्री छत्रपति षिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम में वार्षिक लेखा का आय - व्यय विवरण का ब्योरा श्री अतुल कालभंवर कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत किया गया, तथा उपाध्यक्ष केतन बोराडे द्वारा समिति के विभिन्न बिन्दुओ को सभा में संबोधित किया। इस अवसर पर कमल वाबले, तरुणा काळे एवं अन्य गण्यमान्य उपस्थित रहे। अत: में आभार समिति के सचिव श्री योगेष हण्डे द्वारा प्रकट किया गया।

## ईश्वर प्राप्ति के लिए पात्रता आवश्यक ॅ: पं. राजेंद्र द्विवेदी





**कुक्षी।** ईश्वर भाषा का नहीं भाव का भूखा है और ईश्वर वस्तु का नहीं प्रेम का भूखा है ईश्वर को पाने के लिए पढ़ाई पैसा और सुंदरता नही परमात्मा को पाने के लिए पात्र नहीं पात्रता होनी चाहिए। यह उदगार दाताहरी वाटिका मे आयोजित श्री रामकथा के चौथे दिवस कानपुर के प्रख्यात कथाचार्य पंडित राजेंद्र द्विवेदी ने कहीं .उन्होंने नें कहा की ईश्वर सब जगह मौजूद है वे सभी भाषाओं को जानते हैं और यें जरूरी नही की ईश्वर की प्राप्ति पढ़े लिखो को ही हो ईश्वर हमेशा अनपढ़ों को प्राप्त होते रहे है कबीर,केवेट,जटायु यें सब अनप? थे जो यह दर्शाता है कि ईश्वर की प्राप्ति के लिए पढ़ाई की नहीं प्रेम और भाव का होना आवश्यक है .उन्होंने सामाजिक प्रसंग का उल्लेख करते हुए कहा की वर्तमान समाज में बाहरी सुंदरता पर अधिक जोर दिया जा रहा है सुंदरता चाम की नहीं सुंदरता गुणों की होती है और इस जमाने में सुंदरता चाम की देखी जा रही है गुणों की नहीं अगर बेटी संस्कारी है घर के काम में दक्ष है तों उसकी इज्जत होगी रोज ब्यूटी पार्लर जाकर लाल पीली होने से नही है संस्कार और गुण ही उनके वास्तविक मूल्य को निर्धारित करते हैं ।कथा विश्राम आरती का सौभाग्य वरिष्ठ समाजसेवी अमृतलालजी गुप्ता,अनिल गुप्ता गारमेंड्स,आलोक गुप्ता के परिवार को प्राप्त हुआ।

## मंत्री सावित्री ठाकुर भैंसोला में करेंगी पीएम दौरे की तैयारियों की समीक्षा

**धार, 14 सितम्बर 2025।** प्रधानमंत्री के कार्यकम 17 सितम्बर की पूर्व तैयारियों की समीक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार महिला एवं बाल विकास विभाग सावित्री ठाकुर द्वारा दोपहर 1.30 बजे पी0एम0 मित्रा पार्क भैंसोलो (कार्यक्रम स्थल) में की जावेगी। सावित्री ठाकुर महिला एवं बाल विकास विभाग स्वास्थ्य विभाग द्वारा जनजातीय कार्य विभाग तथा राज्य ग्रामीण आजिवीका मिशन के जिला स्तरीय अधिकारी एवं समस्त विकासखण्ड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विकासखण्ड प्रबंधक राज्य ग्रामीण आजिविका मिशन के साथ बैठक कर कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक तैयारियों के संबंध में समीक्षा की जाएगी।


नव भारत

झाबुआ में ब्यूरो व एजेंसी के लिए
संपर्क करें :
संपर्क करें : 84358-90018
98261-60997
0731-4096718




# रानी दादी मंगलपाठ से अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ

**धार।** अग्रवाल समाज द्वारा नव दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 का शुभारंभ सोमवार को महाराजा अग्रसेनजी का पूजन कर किया। रानी सती दादी परिवार द्वारा जेएमडी पैलेस में रानी सती दादी का मंगल पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें धार दादी परिवार द्वारा कार्यक्रम में राणी सती का सुंदर दरबार सजाया गया।सुंदर भजनों के साथ पाठ किया गया। जिसमें भारी मात्रा में चुनरी वाली साड़ी पहनकर महिलाओ ने भजनों की प्रस्तुति में ?ूब झूमे. दादी आई है, मेरी मैया मेरे घर आई रे', 'आज है दादी अमावस्या', 'श्रीराणी सती दादी की जय', 'दे दे थो?ा प्यार दादी' जैसे भक्ति भजनों पर महिलाएं जमकर झूमी। मौका था- दादी परिवार धार द्वारा आयोजित राणी सती दादीजी के मंगलपाठ का। महोत्सव में मुंबई के प्रसिद्ध भजन सम्राट कुंदन मिश्रा ने अमृतवाणी से श्रद्धालुओं को कथामृत का रसपान कराया गया। मंगल महोत्सव में महिलाओं ने भी दादी का मंगल पाठ किया। मंगल पाठ के दौरान दादीजी के जन्म प्रसंग के दौरान कई श्रद्धालुओं ने उपहार के रूप में चाकलेट, खिलौने, मिठाइयां, लड्डू व अन्य वस्तुएं बांटी एवं शिक्षा की रस्म में सभी उपस्थित छोटे छोटे बच्चों को कॉपी पेन का वितरण किया गया, मंगलपाठ में दादी जी के विवाह रस्म अजोजक समित्ति की महिलाओं ने सभी उपस्थित महिलाओं को मेहदी एवं हल्दी लगाई और सती होने तक की सभी रस्मों का मंचन किया गया। जन्मोत्सव के दौरान बधाइयां लेने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं व कन्याएं उमडी। महोत्सव में अखंड ज्योत, जन्मोत्सव,स्वागत उत्सव,चुनरी उत्सव,गजरा उत्सव,हल्दी उत्सव,मेहंदी उत्सव आकर्षण का केंद्र रहा। संगीतमय भजनों के बीच पाठ के समापन पर भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष योगेश अग्रवाल,अग्रसेन जयंती महोत्सव समिति के सयोंजक केशव अग्रवाल,दादी परिवार की कला अग्रवाल,संगीता अग्रवाल,मीना अग्रवाल, बबीता अग्रवाल,संतोष गुप्ता, शीतल अग्रवाल, दिप्ती अग्रवाल, प्रतिभा गोयल, अर्चना अग्रवाल, शीतल अग्रवाल, बरखा अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, रीना गोयल, मधु अग्रवाल सहित अग्रवाल समाज मौजूद था उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी वैभव अग्रवाल ने दी।आज मंगलवार को होने वाले कार्यक्रम मीडिया प्रभारी श्याम मंगल लेबड ने बताया कि मंगलवार को अग्रसेन सोश्यल ग्रुप द्वारा अग्रसेन मेला लगाया जाएगा महिला मंडल द्वारा तंबोला, अग्रवाल फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा चेयर रेस,समिति द्वारा रस्सी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाजजन समेत बच्चे शामिल होंगे।

# क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर, राहगीरों को मिली राहत की सास

**लाबरिया गोशाला से माही डेम सड़क को मिली मंजूरी**

**68 करोड़ की लागत से बनेगी नई सड़क,पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा निर्माण कार्य**

**खबर का असर**













**लाबरिया ।** मयंक जायसवाल। आखिरकार जनता को जर्जर सड़क से निजात मिल ही गई लगातार गत दिनों से लाबरिया गौशाला से माही डेम तक जर्जर सड़क से हर कोई परेशान नज़र आ रहा था साथ ही यह मार्ग प्रसिद्ध तारखेड़ी झाबुआ जिले को भी जोड़ता है जों कि दोनों सीमाओं को मध्यस्थों वाला मार्ग आता है जिसकी समस्या से हर कोई जूझ रहा था और इस सड़क मंजूरी की जनप्रतिनिधिओं के माध्यम से सरकार से माँग भी लगातार की जा रही थी जिसके बाद शुक्रवार को झाबुआ जिले के पेटलावद आए प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा इस समस्या को गंभीरता से लेते हुआ जनता के हित के लिए मंच से इसकी निर्माण कार्य लागत 68 करोड़ की घोषणा कर दी

इस सड़क को करीब दो दशक पुर्व इसे जल संसाधन विभाग के द्वारा बनाया गया था लेकिन रखरखाव के अभाव मे सड़क की हालात दिन प्रतिदिन खराब होती गई वर्तमान समय मे सडक जर्जर होकर गड्ढों मे तब्दील हो चुकी है। एक वर्ष पुर्व जल संसाधन विभाग के द्वारा इसे पीएम सडक विभाग को हैंड ओवर करने के लिए पत्राचार किया गया था लेकिन विभाग के द्वारा कोई जवाब नही देने के कारण पिछले माह ही जल संसाधन विभाग झाबुआ के द्वारा 9 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भोपाल भेजा गया था।

68 करोड़ मे बनेगी नवीन सड़क - झाबुआ जिले के धतुरिया से धार जिले के ग्राम गोन्दिखेडा के समीप स्टेट हाईवे 35 सरदारपुर- बदनावर तक यह सड़क बनेगी। सुत्रो की माने तो सडक टु लेन बनेगी तथा माही नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण होगा जिससे बारिश के समय माही मुख्य बांध के आठ गेट एक साथ खोलने पर नदी मे पानी के बहाव के बढने पर भी यह ब्रिज नही डुबेगा। वर्तमान मे माही नदी पर पुलिया का निर्माण है बांध के दो तीन गैट खोलने पर ही पुलिया डुब जाती है जिसके कारण आवागमन बंद रहता है।

झाबुआ जिले के तारखेडी मे स्थित विश्व मंगल हनुमान धाम मंदिर तारखेडी जाने के लिये कोद,बिडवाल,चिराखान,खुंटपल ा,लाबरिया,बरमंडल,राजोद,संद ला,सलवा सहित बडी संख्या मे श्रद्धालु इसी सडक से आवागमन करते है। वही झाबुआ तक के हिस्से मे पुरा मार्ग पीएम सड़क एंव पीडब्ल्यूडी विभाग की सडको से पक्का बना हुआ है जिससे गुजरात जाने वाले राहगीरों के लिये भी यह मार्ग सुगम होगा।

लगातार जनहित की समस्या को लेकर समाचार पत्र प्रमुखता से इस मुद्दे को उठाता आया है तत्पश्चात ख़बर का असर हुआ है जिससे क्षेत्र वासियो में ख़ुशी की लहर है साथ ही अब राहगीरों को इस जर्जर मार्ग से निजात मिलेगी।।

# पीएम मोदी 17 सितम्बर को करेंगे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन

## कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के कैबिनेट मंत्री ने धार जिले के भैंसोला में उच्च स्तरीय बैठक ली



**धार .*** धार जिले की बदनावर तहसील के ग्राम भैसोला में 17 सितम्बर को ऐतिहासिक अवसर आने वाला है, जब देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी स्वयं उपस्थित होकर देश के पहले पीएम मित्रा पार्क का भूमिपूजन करेंगे। इसी मंच से प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का भी शुभारंभ करेंगे। यह आयोजन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है, जिसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। आगामी कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के कैबिनेट मंत्री श्री चैतन्य कश्यप ने धार जिले के बदनावर तहसील के ग्राम भैंसोला में उच्च स्तरीय बैठक ली। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग की कैबिनेट मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, डीआईजी ग्रामीण श्री मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी, पूर्व मंत्री राजवर्धन सिंह दत्तीगांव श्री निलेश भारती, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कश्यप ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश के विकास पथ पर एक नई दिशा देने वाला सिद्ध होगा।

उन्होंने प्रशासनिक अमले को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में पहुंच हेतु यातायात प्रबंधन, आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए।

कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह आगमन केवल इस क्षेत्र के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए सम्मान और गर्व का अवसर है। पीएम मित्रा पार्क वस्त्र उद्योग क्षेत्र में रोजगार सृजन और औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय खोलेगा, वहीं ﬐स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान﬐ समाज में महिला सशक्तिकरण एवं परिवारिक स्वास्थ्य को नई दिशा देगा।

एक नजर **श्री गुजराती रामी माली समाज नवयुवक साख सहकारी संस्था की साधारण सभा संपन्न**

# संस्था द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया



**धार। श्री गुजराती रामी माली समाज नवयुवक साख सहकारी संस्था मयार्दित नौगांव, धार की तेवीसवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 14/09/2025 को संस्था अध्यक्ष मोतीलाल चावड़ा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई है। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नेहा महेश बो?ाने, मुकेश मकवाना अध्यक्ष गुजराती रामी माली समाज नौगांव, धार तथा संस्था संचालक मण्डल एवं संस्था सदस्यों की उपस्थिति में सभा का आयोजन किया गया।**

मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण किया। संस्था अध्यक्ष मोतीलाल चाव?ा ने स्वागत भाषण एवं संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा संस्था की प्रगति पर समस्त संचालक मण्डल एवं संस्था के 2194 माननीय सदस्यों को बधाई दी गई। संस्था सचिव अंचल हारोड ने अपने उद्बबोधन में कहा कि संस्था द्वारा आनलाईन ऐप्लीशन व डिजिटल पास बुक की सुविधा उपलब्ध कर दी गई हैं जिससे लेन-देन का कार्य और भी आसान हो जावेगा। संस्था उपाध्यक्ष गेन्दालाल टाकोलिया ने संस्था की उन्नति एवं आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डाला। संस्था प्रबंधक रामगोपाल दयाल ने वर्ष 2024-25 का आय व्यय पत्रक एवं प्रस्तावित बजट (2025-26) का वाचन किया। मुख्य अतिथि नेहा बोडाने ने अपने उद्धबोधन में संस्था के उद्धेश्य एवं नियमों से अवगत करवाया एवं सदस्यों के अधिकार, संचालकों के अधिकार से भी अवगत करवाया और संस्था की प्रगति पर प्रकाश डाला एवं संस्था के उज्वल भविष्य की कामना की। द्वारा संस्था की काय योंजना की प्रशंसा की। समाज अध्यक्ष मुकेश मकवाना ने संस्था उन्नति पर समस्त संचालक मण्डल को बधाई दी। सतीश डोडिया ने आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए आप विद्यार्थी द्वारा संभव हे 10 वी पास करने के बाद आप आईटीआई कर आप अपना भविष्य बना सकतें हैं। उद्योगपति विरेंद्र मोहनलाल डोडिया ने कहा कि अच्छी शिक्षा हासिल का आप मेरे जैसे उद्योगपति बन सकते हैं।

मेघावी विद्यार्थियों एवं राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर विजेता खिलाडियों, उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र एवं प्रतिक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। संस्था कमर्चारियों को एक माह का अतिरिक्त बोनस दिया गया। संस्था के आठ सदस्यों का स्वगर्वास होने से साधारण सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी।

आयोजित वार्षिक साधारण सभा में मोतीलाल चावडा अध्यक्ष, गेन्दालाल टाकोलिया उपाध्यक्ष, पुरषोत्तम चौहान उपाध्यक्ष, अंचल हारो? सचिव, रामगोपाल दयाल कोषध्यक्ष/प्रबंधक, अंकित चौहान सह सचिव, प्रहलाद डोडिया उपकोषाध्यक्ष, मनीष मकवाना बैंक प्रतिनिधि, उपासना चाव?ा जिला संघ प्रतिनिधि, लक्ष्मीनारायण चावड़ाा सहकारिता सलाहकार, अनिता चाव?ा उपभोक्ता प्रतिनिधि, संरक्षक बाबुलाल चौहान, विधि सलाहकार घनश्याम मकवाना, संचालक चन्द्रशेखर चाव?ा, हरिश चाव?ा, संस्था कमर्चारी महेन्द्र चौहान, राजेश चाव?ा शंकरलाल परमार एवं संस्था के सम्मानिय सदस्य एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष, पुरषोत्तम चौहान एवं सचिव अंचल हारो? द्वारा किया गया। आभार अंकित चौहान सह सचिव द्वारा किया गया।